सार-समाचार

होली मिलन समारोह आयोजित

रूपवास, (निसं)। शहर के प्रभाकर पार्क में प्रबुद्धजनों का होली मिलन समारोह भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री भानुप्रताप सिंह राजावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। अध्यक्षता तहसीलदार अमित शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि प्रधान राजू रसीलपुर, पूर्व प्रधान अलवेंद्र सिंह राजावत, बार संघ के अध्यक्ष सचिन शर्मा, वीरेंद्र जैन, संतोष सिकरवार, भाजपा शहर अध्यक्ष चंद्रमोहन मेरथा, समाजसेवी अमरसिंह अंधाना, सरपंच राकेश भातरा, अशोक खितौलिया, पवन पहलवान, संजीव गुप्ता, अमरनाथ, ईओ योगेश पिप्पल, थानाधिकारी पन्नालाल, एचसी विनोद शर्मा, बीसीएमओ डॉ लखन चौधरी, डॉ ललित इन्दोलिया, डॉ श्रुति बंसल, चेतन रावत, सलीम खान, जित्ते रघुवंशी, अध्यक्ष नरेंद्र परमार, राजेश पाराशर, शिक्षाविद प्रवेश शर्मा, मनीपाल सिंह, राजेश कंसल व वैद्य नरेंद्र पाराशर थे। इस दौरान डोलेंद्र गौड़ व श्याम सोनी म्यूज़िकल ठ्रुप के सदस्यों ने होली के गीत सुनाये। इससे पूर्व अतिथियो का माला, दुपट्टा व तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी ने होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाये। तथा आपस में एकदूसरे के गुलाल, अबीर व चंदन का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गुड्डू कटारा, सुनील कुमार, सतीश सारस्वत, दुर्गेश पाठक, प्रमोद शर्मा, सत्येंद्र सिंघल, मोनू महलपुर, रोकी गोयल आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री आज आयेंगे पूंछरी का लौठा

डीग/भरतपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा आज 13 मार्च, को प्रात: 9:00 बजे जयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर प्रात: 9:45 बजे हेलीपैड, पूंछरी का लौठा पहुंचेंगे। सीएम शर्मा 9:50 बजे हेलीपैड से प्रस्थान कर 9:55 बजे श्रीनाथजी मंदिर पहुंच प्रात: 10 से 11 बजे तक पूजा अर्चना करेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री प्रात: 11:05 बजे कार्यक्रम स्थल पूंछरी का लौठा से प्रस्थान कर 11:10 बजे हेलीपैड पूंछरी का लौठा पहुंचेंगे जहां से वे 11:15 बजे रवाना होकर 12:00 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

सम्मान समारोह आयोजित

हिण्डौन सिटी, (निसं)। निजी गार्डन में एयू फाउंडेशन और प्योर इंडिया ट्रस्ट के द्वारा कार्यशाला और महिला सम्मान समारोह बुधवार शाम 4:00 बजे आयोजित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक अनीता जाटव ने रही।विधायक ने कहा कि महिलाओ को आगे बढ़कर हर क्षेत्र में अपना परचम लहराना चाहिए क्योंकि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है।हिंडौन सदर थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने साइबर क्राइम के बारे में कार्यशाला में जानकारी दी।जेईएन मुरारी लाल ने महिला उधमियों को व्यवसाय कौशल के नवीन गुण संचारित करके में एक सफल महिला उद्यमी के गुण बताए, मनीषा एवं ललीता हरसाना ने योग के माध्यम से स्वस्थ व मजबूत बनने के गुर सिखाए।कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार रेनू चौधरी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक हिन्डोन सीटी से एयूबैंक विवेक गोड, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भजन संध्या 15 मार्च को

गंगापुर सिटी, (निसं)। शहर में कुशालगढ महोत्सव बडे हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। महोत्सव की पूर्व संध्या पर 15 मार्च को कुशालगढ के बाबा श्याम मंदिर पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। क्लब के वरिष्ठ सदस्य राधामोहन अग्रवाल व संरक्षक वेदप्रकाश पोरवाल ने बताया कि 15 मार्च को सुबह ध्वजारोहण होगा साथ ही कुशालगढ से कुशालगढ के बाबा श्याम तक के सफरनामे की धातु पटिटका लगवाई जायेगी जिसकी जिम्मेदारी जाकिर कुरैशी की रहेगी।

कार्यकारिणी की बैठक

भरतपुर, (निसं)। श्री रामलीला समिति भरतपुर कार्यकारिणी की बैठक पुराना लक्ष्मण मंदिर स्थित समिति कार्यालय पर 11 मार्च को आयोजित की गई। सर्वप्रथम मंगलाचरण कर चैत्र षुक्ल पक्ष नवमीं (रामनवमीं) दिनांक 06.04.2025 को भव्यता पूर्वक मनाये जाने का निर्णय लिया गया, जिसके अनुसार मंदिर श्री राधारमण जी पर राम जन्म महोत्सव सांय 2 बजे से बड़े ही धूमधाम से मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई तथा समिति के कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें होली के गीत सामूहिक रूप से गाकर भरपूर आनन्द लिया गया।

भाईचारा व सम्मान के साथ मनाएं पर्व व त्यौहार : कलक्टर

- प्रत्येक गतिविधि पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : जिला पुलिस अधीक्षक
- जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

भरतपुर, (निसं)। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा सहित अधिकारी गण एवं जिले के शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने कहा कि हमारी संस्कृति में सभी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाये जाने की रही है साथ ही परम्परागत रूप से भी हम एक-दूसरे के त्यौहारों को भी मिलकर मनाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भरतपुर ब्रज क्षेत्र में आता है ऐसे में होली का त्यौहार धूमधाम के साथ सभी वर्ग व सम्प्रदायों में मनाया जाता है। इस वर्ष होली से लेकर रामनवमी तक सभी धर्मों के त्यौहार आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक एक -दूसरे का सम्मान करते हुये त्यौहारों को मनायें सुख-दुख में भागीदार होने की परम्परा का निर्वहन करें। उन्होंने धुलण्डी के अवसर पर रमजान के द्वितीय जुम्मा होने के कारण सभी संभ्रांत नागरिकों को आगे आकर एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुये पर्व मनाने का आव्हान किया। जिला कलक्टर ने कहा कि होली व धुलण्डी के अवसर पर असामाजिक तत्व सक्रिय नहीं हों, युवा मादक पदार्थों का सेवन नहीं करें तथा अनावश्यक बाजारों में मोटर साईकिल नहीं घुमाऐं इसके लिये शांति समिति के सदस्य अपने अपने मौहल्लों में लोगों को जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद की स्थिति में जिला प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस को सूचना दें, अपने स्तर पर निर्णय या सामाजिक रूप देने से बचें। उन्होंने आश्वस्त किया कि शहर में पर्याप्त संख्या में पुलिस जाप्ता रहेगा, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। शहर में लगे हुये सीसीटीवी के माध्यम से भी पुलिस कंट्रोल रूम में निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने ठामीण क्षेत्रों में भी सभी पर्व आपसी सौहार्द से मनाये जाने के लिये ठामीण स्तर एक-दूसरे का सम्मान करते हुये परम्पराओं का निर्वहन करने का आव्हान किया।

जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांति समिति के नागरिकों का दायित्व बनता है कि क्षेत्र में आपसी भाईचारा एवं सहयोग भावना के साथ सभी पर्व मनाये जायें, इसमें वे सक्रियता से भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि होली, धुलण्डी व रमजान को देखते हुये शहर के गणमान्य नागरिक ब्रज की परम्पराओं को आपसी सौहार्द के साथ मनाने के लिये आगे आयें। हमारी संस्कृति रही कि एक-दूसरे का सम्मान कर सभी त्यौहार व पर्व में शामिल होते हैं, हमें इसे निरन्तर बनाये रखना है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल शहर में प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों के आसपास तैनात रहेगा। सीसीटीवी कैमरों एवं पुलिस गश्ती दल लगातार प्रत्येक गतिविधि पर निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि त्यौहार एवं पर्वों के अवसर पर किसी तरह की अवांछित गतिविधि में शामिल लोगों की पहचान कर कार्यवाही भी की जायेगी, ऐसे वाहनों को भी चिन्हित किया जायेगा। जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर निरन्तर निगरानी रखी जा रही है, भ्रामक, असत्य एवं पुरानी या अन्य स्थानों की घटनाओं को किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने अकाउन्ट में प्रदर्शित या शेयर किया जायेगा उनके खिलाफ भी कार्यवाही होगी। उन्होंने ऐसी भ्रामक सूचनाओं को फॉरवर्ड करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शहर में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी जिनमें राजस्थान पुलिस, आरएसी, होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि तेज अवाज में अथवा डीजे के माध्यम से गानों के बजाने पर रोक रहेगी, अश्लील गानों का प्रयोग नहीं करने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि धुलण्डी पर शराब बिक्री पर रोक रहेगी, शराब की दुकानों के आसपास अथवा शराब के गोदामों के आसपास गोपनीय रूप से निगरानी रखी जायेगी ऐसे स्थानों पर शराब की उपलब्धता पाये जाने पर विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही होगी।

अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, सीओ सिटी पंकज यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सतीश यादव ने भी त्यौहार एवं पर्वों के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के बारे में सुझाव दिये। शांति समिति के सदस्यों ने क्षेत्रवार पर्वों के अवसर पर विशेष व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में सुझाव देकर आपसी भाईचारा के साथ त्यौहार, पर्व मनाने के लिये आश्वस्त किया।

सोनोग्राफी सेंटर का निरीक्षण

करौली, (निसं)। जिले में पीसीपीएनडीटी अधिनियम की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीणा ने 5 सोनोग्राफी सेंटर का औचक निरीक्षण कर मां वाउचर योजना के लाभार्थी को प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश प्रधान किए।

सीएमएचओ डॉ मीना द्वारा अमन सोनोग्राफी सेंटर, मंगलम सोनोग्राफी एंड क्लिनिक, भगवान महावीर हॉस्पिटल,विनीता नर्सिंग होम और सौरभ वैटेनरी कॉलेज में निरीक्षण किया , जहां उन्होंने सेंटर संचालक को पीसीपीएनडीटी एक्ट कि पालना के निर्देश प्रदान कर रजिस्ट्रेशन रजिस्टर और फार्म एफ कि स्थिति से अवगत हुए। इसी क्रम में मंगलवार को पारस हॉस्पिटल, निर्मल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का निरीक्षण किया।जिला कार्यक्रम समन्वयक पीसीपीएनडीटी नगीना शर्मा ने एक्टिव ट्रेकर की जानकारी जुटाकर मुखबिर योजना कि आईईसी प्रदर्शन बढ़ाने की आवश्यकता जताई।

हिचकोले खाते हुए मदन मोहन जी मंदिर पहुंचे राज्यपाल

करौली, (निसं)। करौली दौरे पर रहे प्रदेश के राज्यपाल ने बुधवार को प्रात: मदन मोहन जी मंदिर में भगवान की चैखट पर माथा टेका इस दौरान उनका वाहन शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों पर हिचकोले खाता हुआ सर्किट हाउस से मदन मोहन जी मंदिर तक पहुंचा।

ज्ञात रहे की राजस्थान के राज्यपाल हरी भाऊ बागडे मंगलवार को दोपहर करौली पहुंचे दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए आमजन को सरकार की योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए राज्यपाल के कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन हरकत में आ गया और हाईवे की सड़क सहित कलेक्ट्रेट सर्किल से लेकर कार्यालय तक क्षतिग्रस्त पड़ी सड़क पर पेच रिपेयर कराए गए वहीं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नालियों पर लगे टूटे फेरो कवर को हटाते हुए नए फेरो कवर लगाए गए इसके अलावा कलेक्ट्रेट कार्यालय को दुल्हन कि तरह सजाया गया बैठक के पश्चात राज्यपाल बागडे सर्किट हाउस पहुंचे जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया बुधवार को प्रात: उन्होंने शहर के प्रमुख लोगों से जिले के विकास को लेकर चर्चा की और दौसा जाते समय अचानक प्रात: 8 बजे मदन मोहन जी मंदिर जाने का कार्यक्रम तय हुआ इस दौरान राज्यपाल के काफिले के साथ जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना,पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के अलावा विभिन्न पुलिस और प्रशासन के अधिकारी गुलाब बाग से मदन मोहन जी मंदिर को रवाना हुए इस दौरान प्रशासन के हाथ पांव फूलते नजर आए गुलाब बाग से हिंडौन गेट तक अवस्थित यातायात और क्षतिग्रस्त सडक के अलावा अव्यवस्थित रूप से खड़े फल सब्जियों के ठेले पुलिस वाहन के सायरन से हटाए गए। वही चैधरी पाड़ा से फूटाकोट तक वाहनों के पहुंचने में काफी समय लगा इस दौरान राज्यपाल का बाहन तो मंदिर की तरफ आगे बढ़ गया लेकिन उनके सुरक्षा गार्ड और जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मार्ग में भागते नजर आए राज्यपाल बागडे मंदिर तो पहुंच गए लेकिन उन्हें पट मंगल मिले जिसके चलते उन्हें भगवान के दर्शन नही हो पाये। इस दौरान उन्होंने हाथ जोड़कर प्रदेश में अमन चैन और खुशहाली की मनौती मांगी वापस लौटते समय भी अधिकारी राज्यपाल के वाहन के साथ भागते नजर आए और उनके काफिले को फिर हटवाड़ा मार्ग से उतरा गया। इस दौरान भी भट्टा सर्कल तिराहे तक काफिले कि गाड़ियों को हीचकोले खाते देखा गया राज्यपाल के करौली शहर से निकल जाने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली अगर उनका कार्यक्रम मंदिर जाने का मंगलवार को ही बन जाता तो शायद करौली शहर कि सड़कों कि दशा सुधर सकती थी।

सार-समाचार

एसडीएम ने ली बैठक

रूपवास, (निसं)। कस्बे के धौलपुर रोड़ स्थित थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक एसडीएम विष्णु बंसल ने ली। बैठक के दौरान सीओ नीरज भारद्वाज,थानाधिकारी पन्ना लाल,नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी योगेश कुमार पिप्पल मौजूद थे। इस अवसर पर एसडीएम ने होली के त्यौहार को देखते हुए शांति व्यवस्था को बनाए रखते हुए प्रेम एवं आपसी सौहार्द्र के साथ होली का त्यौहार मनाने की अपील की। इसके अलावा सीएलजी सदस्यों ने कस्बे व क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को सीएलजी की बैठक में रखा। बैठक में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्रकेश राजावत ने कस्बे में विभिन्न स्थानों पर हो रही गंदगी से आमजन को निजात दिलवाने की नगरपालिका से मांग की। संतोष सिकरवार ने आपराधिक प्रवत्ति के लोगों जोकि शाम को स्टेशन व आसपास घूमते रहते है उन पर कार्यवाही करने की मांग की। कौशू पहलवान ने कस्बे के मुख्य बाजार में आए दिन लगने वाले जाम से निजात दिलवाकर बस स्टैंड पर कांस्टेबल लगाने की मांग की। वहीं सतीश मित्तल ने कस्बे में ज्यादातर खराब पड़ी रोड़ लाइटों को सही करवाने की मांग की। वहीं अरुण परमार ने बाजार में भारी वाहनों को रोकने व गौरव पथ के रास्ते को सीधा रोड से जुड़वाने की मांग की। इसके अलावा सीएलजी सदस्यों ने बस स्टैंडों पर ऑटो रिक्शा चालकों के द्वारा इधर उधर ऑटो खड़ा करने पर लगने वाले जाम की समस्या सभी अवगत कराया। वहीं सब्जी व अन्य सामान की ढकेल लगाने वालों के लिए एक निश्चित स्थान तय करने की भी मांग रखी गई। इसके बाद प्रशासन के सभी अधिकारियों ने सभी सीएलजी सदस्यों एवं अन्य लोगों को आने वाले होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुंजबिहारी एएसआई, बच्चू सिंह हैड कांस्टेबल,जुगल हैड कांस्टेबल,रामेश्वर परमार समेत अन्य सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

होलिका दहन आज

गंगापुर सिटी, (निसं)। गंगापुर सिटी में होली का त्योहार शुरू हो गया है। इस बार होली 13 मार्च को मनाई जाएगी। इसके अगले दिन रंगोत्सव यानी धुलंडी का आयोजन होगा। ज्योतिषाचार्य मोहन शर्मा के अनुसार होली पूजन का समय सुबह 7:15 से 10:15 बजे तक रहेगा। इसके बाद भद्रा काल शुरू हो जाएगा। भद्रा काल में होलिका दहन नहीं किया जाता है। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11:30 से 12:15 बजे तक है। यह त्योहार बसंत ऋतु की समाप्ति और ग्रीष्म ऋतु के आगमन का प्रतीक माना जाता है। शहर में जगह-जगह गुलाल, रंग और पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। शहर में मुख्य होली फब्बारा चौक पर जलाई जाएगी। दूसरे दिन विभिन्न व्यापारिक संगठनो व धार्मिक संगठनो की ओर से शहर में धमाल निकाली जायेगी। जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, शहर मण्डल अध्यक्ष मिथलेश व्यास सहित कई जन प्रतिनिधियो ने होली व धुलण्डी कीद शुभकामनाएं दी है।

सीएलजी की बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। वजीरपुर पुलिस थाने पर होली और रमजान को लेकर सीएलजी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। थानाधिकारी टीनू सोगरवाल ने सभी समुदायों से त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने की अपील की। थानाधिकारी ने कहा कि एक-दूसरे के त्योहारों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध को नियंत्रित करने के लिए पुलिस सक्रिय है। जुआ और सट्टे के खिलाफ कार्रवाई जारी है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने की सलाह भी दी गई। बैठक में स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा हुई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के डॉक्टर माहिर अहमद ने बाग कॉलोनी में ट्रैक्टर ट्रॉली के आवागमन की समस्या को उठाया। बैठक में भाजपा नेता ओमप्रकाश गोयल, रमेश चंद शर्मा,पूर्व सरपंच महेंद्र कुमार मीणा, महाराज सिंह आकोदिया, अक्सा मस्जिद के इमाम लुकमान चौधरी और गोविंद प्रसाद गोयल सहित कई लोग मौजूद रहे।

ड्यूटी मजिस्टेट नियुक्त

करौली, (निसं)। जिला मजिस्टेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले मे 13 मार्च को होली व 14 मार्च को धुलेण्डी का त्योहार मनाया जायेगा। उक्त त्योहार पर लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाते है। इस संबंध मे जिला मजिस्टेट ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त उपखंड मजिस्टेट को उनके संबंधित क्षेत्र हेतु नियुक्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। इसके अलावा उन्होने कहा कि संबंधित तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्टेट अपने अपने क्षेत्र के उपखंड मजिस्टेट के निर्देशन मे कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे।

होली मिलन समारोह संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। खंडेलवाल वैश्य समाज समिती, गंगापुर सिटी द्वारा खंडेलवाल धर्मशाला में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हुकुम चंद सामरिया, घनश्याम पीतलिया, केदार पीतलिया द्वारा संत शिरोमणि सुन्दर दास जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष नीरज रावत ने अतिथियों एवं समाज बंधुओ का स्वागत करते हुए होली की शुभकामनाए दी। मंत्री विनोद खंडेलवाल ने परस्पर सहयोग करते हुए समाज में एकता की बात कही। भजन मंडली द्वारा होली के गीत आज विरज में होली रे रसिया., रंग मत डाले सावरिया.,कान्हा बरसाने में आ जइयो..आदि भजन सुनाकर झूमने और नाचने को मजबूर कर दिया।

कुम्हेर में बेटी की लाइब्रेरी शुरू

कुम्हेर, (निसं)। समृद्ध ग्राम्य अभियान संस्था ने महिला एवं बालिकाओं के शैक्षिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से बेटी की लाइब्रेरी की स्थापना की है। यह लाइब्रेरी कुम्हेर पंचायत समिति के पास,महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य उन गरीब एवं वंचित परिवारों की महिलाओं और बेटियों को एक उपयुक्त अध्ययन स्थल प्रदान करना है,जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तो करना चाहती हैं,लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के कारण महंगी कोचिंग क्लासेज और पुस्तकें नहीं खरीद सकतीं।

समृद्ध ग्राम्य अभियान संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि यह लाइब्रेरी प्रतिदिन प्रात:9:00बजे से सायं6:00बजे तक खुली रहेगी,जिससे विभिन्न पारिवारिक और घरेलू जिम्मेदारियों के बावजूद महिलाएं एवं बालिकाएं अपनी सुविधा के अनुसार यहां अध्ययन कर सकेंगी।गुप्ता ने बताया केवल लाइब्रेरी एक पुस्तकालय नहीं,बल्कि एक आधुनिक अध्ययन केंद्र है,जहां महिलाओं और बालिकाओं को बेहतरीन वातावरण और संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। आरामदायक अध्ययन कक्ष,उच्च गुणवत्ता वाला फर्नीचर, शांत और व्यवस्थित माहौल, व्यक्तिगत और समूह अध्ययन के लिए अलग-अलग क्षेत्रकी पुस्तकें उपलब्ध होगी।लाइब्रेरी में गर्मी में आरामदायक अध्ययन के लिए एयर-कंडीशनर,शुद्ध पेयजलआरओकी उपलब्धताके साथ साथफ्री वाई-फाई,ऑनलाइन अध्ययन सामठी और टेस्ट सीरीज़ एक्सेस करने के लिए,कंप्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन टेस्ट और अन्य डिजिटल स्टडी मैटेरियल भी मुहैया कराए जाएंगे।लाइब्रेरी मेंप्रतियोगी परीक्षाओं जैसे राज्य लोक सेवा आयोग,संघ लोक सेवा आयोग, बैंकिंग,रेलवे,पुलिस भर्ती, अध्यापक भर्ती एवं अन्य सरकारी परीक्षाओं की विस्तृत अध्ययन सामठी,हिंदी और अंठोजी दोनों भाषाओं में पुस्तकें तथाप्रतिदिन समाचार पत्र और पत्रिकाएं भी उपलब्धरहेगी।लाइब्रेरी मेंअनुभवी प्रशिक्षक एवं मेंटर्स छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीति और प्रश्न-पत्र हल करने के तरीके सिखाएंगे तथानियमित मॉक टेस्ट और ठ्रुप डिस्कशन आयोजित किए जाएंगे तथा लाइब्रेरी में इसके लिए प्रशिक्षक मार्गदर्शन लगाया गया है।

देर रात तक बही भजनों की सरिता

गंगापुर सिटी, (निसं)। कुशालगढ स्थित बाबा श्याम मंदिर में 7 दिवसीय फाल्गुन मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है। नहर रोड स्थित मंदिर में श्याम प्रेमी बाबा के दर्शन कर मनौतियां मांग रहे हैं। बीती रात फाग उत्सव के दौरान भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नंगेश्वर बाबा की धूनी के महंत श्री श्री 1008 प्रमोद गिरी महाराज विशेष रूप से मौजूद रहे। भजन संध्या की शुरुआत गणेश वंदना और हनुमान स्तुति से हुई। कलाकार हरि कृष्ण, कनिका और कृतिका अग्रवाल, जयपुर से आए मनोज पारीक और मीनू जायसवाल ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में 50 से अधिक भामाशाहों का सम्मान किया गया। मंदिर कमेटी के सदस्य मनीष सागवान और मदन मोहन ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, कांग्रेस देहात अध्यक्ष मुकेश देहात और नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता सुरेश शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे।

भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

करौली, (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में बुधवार को टीबी मुक्त भारत अभियान-2025 के अन्तर्गत क्षय रोग एवं तंबाकू के संबंध में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

मॉडल स्कूल करौली की कार्यवाहक प्रधानाचार्य निशा अठावाल ने बताया कि केंद्रीय क्षय अनुभाग एवं स्वास्थ परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में क्षय रोग एवं तंबाकू के संबंध में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रथम स्थान लवली भदौरिया, द्वितीय स्थान दुष्यत सिंह सिकरवार,तृतीय स्थान मानवी खन्ना ने प्राप्त किया।निशा अठावाल ने टीबी के लक्षण,कारण और इलाज के बारे में बताया गया।

पश्चिम मध्य रेल
कैटलॉग नं. – PARKINGGGC 2025 अनुबंध का प्रकार– पार्किंग, ई–नीलामी की तिथि एवं समय – 27.03.2025 को 12:00 बजे, कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राज.)
क्रमांक:-8244 दिनांक: 11.3.2025
सार्वजनिक आपत्ति विज्ञप्ति
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदकों के आगे वर्णित स्थान पर 90ए/90बी के तहत पट्टा चाहा गया है जो निम्न है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	राजस्व ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल वर्गगज	आवासीय व्यावसायिव
1.	श्रीमती सुमन मीना पत्नी ओमप्रकाश मीना	चूली	286/2145,287,288	250.83	आवासीय

अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बरों में पट्टा देने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 दिवस में परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। उक्त अवधि में आपत्ति पेश नहीं होने पर आवेदन कर्ता को भूमि का नियमानुसार आवासीय/व्यवसायिक पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जाएगी इसके पश्चात कोई भी आपत्ति नही सुनी जायेगी। सूचित रहे।
आयुक्त
नगर परिषद, गंगापुर सिटी

आधूनिकता की चकाचौंध में लुप्त हो गई होली पर ढप-ढोल व चंग की गूंज

- महिने भर चलने वाला होली का त्यौहार केवल एक दिन ही नहीं कुछ घंटों में सिमटकर रह गया
- ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली के मायने धीरे-धीरे बदले

हिण्डौन सिटी (कासं)। मौज मस्ती नृत्य, गायन, रंग और गुलाल से सराबोर होली के त्यौहार के प्रति लोगों में जो उत्साह और उमंग थी जो अब धीरे धीरे लुप्त होती नजर आ रही है। भले ही इसके पीछे कारण आधूनिकता की चकाचौंध या लोगों की व्यस्ततम जिंदगी सहित अन्य कोई भी कारण रहा हो।

गौरतलब है कि फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाये जाने वाले होली के इस पावन पर्व को मेल मिलाप, आपसी सौहार्द और प्रेम भाव का त्यौहार मना जाता है जो पूरे भारत वर्ष में हार्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। होली का त्यौहार हिन्दूओं का नहीं बल्कि हिन्दुस्तानियों का त्यौहार माना जाता है। परम्परागत तरीके से मनाये जाने वाले इस त्यौहार का नाम आते ही मन मौज मस्ती, नाच-गयन व रंग-गुलाल के धमाल में डूब जाता है। इस तरह के मनभावन त्यौहार को जहां पूर्व में बसंत पंचमी से लेकर लगभग एक महिने तक पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाता रहा। जिसमें ठामीण क्षेत्रों में तो इस त्यौहार को मनाने के तरीके और भी विशिष्ठ थे जिनमें रात भर गांव की अथाईयों पर महिला और पुरूषों की एकत्रित भीड होली के गीतों पर थिरकती रहती थी। महिने भर चलने वाले इस प्रेम भाव और आपसी सौहार्द के पर्व में लोग अपने सभी द्वेष, ईर्ष्या, घृणा, कपट और वैरभाव को भूलकर एक दूसरे से इस तरह बंध जाते मानो वे सभी अंतरंगी है। लेकिन अब धीरे धीरे होली के इस पावन पर्व को मनाने के पारम्परिक तरीके समाज से अलग होते जा रहे है।

लोग इन तरीकों को या तो भूलते जा रहे है या अपनी भ्रामक समझदारी की भेंट चढा रहे है वे समझते है कि इस तरह के त्यौहार मनाना समय की बर्बादी है या समझदार लोगों का काम नहीं है वे तथा कथित समझदार लोग अपनी सभ्यता और संस्कृति को नहीं पहचान पा रहे है। सदियों से चली आ रही इन परम्पराओं का ही परिणाम है कि समाज एकजुटता में बंधा हुआ है। समाज के लोग मानवीय मूल्यों को समझने और परखने की कोशिश भी करते है लेकिन आधुनिकता और पाश्चातीकरण की दौड में जी रहे इन लोगों के पास आज ना तो समाज सभ्यता संस्कृति के बारे में सोचने का समय है।

इसी का परिणाम है कि लोग धीरे धीरे इस पारम्परिक त्यौहार को औपचारिक बनाते जा रहे है। महिने भर तक चलने वाला यह त्योहार अब केवल कुछ घंटों में सिमट कर रह गया है। जहां लोग किसी भी जान पहचान वाले या अनजान में अंतर किये बिना उसको रंग और गुलाल में तरोबार किये बिना नहीं रह सकते थे वहीं अब लोग अपने जान पहचान और खास परिचित से भी रंग और गुलाल लगाने की

औपचारिकता मात्र करके अपनी समझदारी दिखा रहे है। अब लोग धूलण्डी के दिन मुश्किल से एक आध घंटे का समय निकालकर अपने आस पडौस वाले या खास मित्र के घर पहुंचकर पारम्परिक त्योहार की औपचारिकता निभा रहे है। रात भर चंग, ढप और ढोल की आवाज पर नाचने गाने वाली महिलाएं अब शाम ढलते ही अपने घर से बाहर निकलना मुसीबत को मोल लेना भी समझ रही है । वहीं पाश्वाती सभ्यता और संस्कृति का अनुशरण करने वाली महिलाओं में लोकगीत और लोकनृत्यों की जगह पाश्चाती नृत्य और गीतों ने ले ली है जिससे अब उनका अपनी संस्कृति से मोह भंग होता जा रहा है।

आज देखा जा रहा है कि बाजारों में भी महिने भर तक सजने वाली रंग और गुलालों की दुकानों पर अब ठीक होली के दिन या एक आध दिन पूर्व ही रंग और गुलाल नजर आता है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि अब इसकी कम उपयोग के अनुसार मांग भी घटने लगी है। पिचकारियां तो केवल बच्चों के खिलौने बनकर रह गई है। जबकि पूर्व में महिला और पुरूष इन पिचकारियों से होली के रंगों का आनंद लेते थे। इस तरह कहा जा सकता है कि अब आधूनिकता की चकाचौंध व आपाधापी में होली के चंग, ढप और ढोलों की गूंज लुप्त होती जा रही है।

कार्यालय अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, करौली
क्रमांक-597 दिनांक: 12.03.2025
खुली निविदा सूचना संख्या-01/2024-25
कार्यालय अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, करौली एवं अधीक्षक राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेन्सी में जॉब बेस/विजिटिंग आधार पर कार्य हेतु पंजीकृत संस्थाओं, सेवा प्रदाताओं से मूहरबंद निविदाऐं आमंत्रित